प्रेस विज्ञप्ति
जनपद बस्ती
दिनांक-20.03.2025

थाना छावनी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत 02 दुकानों से चोरी गए नगदी व सामानों से सम्बंधित अभियुक्त को 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार कर चोरी गए नगदी रुपये व सामानों को शत्-प्रतिशत (100%) किया गया बरामद-

थाना छावनी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत दिनांक-18/19.03.2025 की रात्रि में विक्रमजोत पुरवा में दो दुकानों से चोरी गए सामानों के संबंध में पंजीकृत मु0अ0सं0-76/2025 धारा-303(2) BNS का अनावरण करते हुए दिनांक-20.03.2025 को हनुमानगंज से अमौलीपुर जाने वाले रास्ते पर नहर पुलिया के पास से **अभियुक्त 1-** मुकुल पांडे पुत्र संजय पांडे को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर दोनों दुकानों से चोरी गए नकदी रुपये व सामानों को शत्-प्रतिशत (100%) बरामद कर बरामदगी का धारा 317(2) की बढोत्तरी कर अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय बस्ती रवाना किया गया |

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1- मुकुल पांडे पुत्र संजय पांडे उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम धूसैनिया बाबा थाना छावनी जनपद बस्ती |

घटना का संछिप्त विवरण-

दिनांक-20.03.2025 को राजेश पुत्र श्रीराम चरन निवासी विक्रमजोत पुरवा थाना छावनी जनपद बस्ती द्वारा थाना छावनी पर तहरीर दिया गया कि दिनांक-18.03.2025 को समय करीब 21:00 बजे अपना दुकान बन्द कर अपने घर चला गया था कि रात्रि में करीब 01:30 बजे फोन से जानकारी हुआ कि मेरे दूकान का ताला खुला हुआ है, जिस पर मैं भागता हुआ अपने दूकान विक्रमजोत पुरवा की तरफ जा रहा था कि 1-मुकुल पाण्डेय पुत्र संजय पाण्डेय मुझे देखते ही गांव की तरफ तेजी से भागा एवं जब मौके पर पहुंचा तो देखा कि मेरे गल्ले से रुपये 4,200/- नगद व फुटकर रुपये 200-250 गायब था एवं पप्पू पुत्र नन्दलाल निवासी ग्राम मल्हनी थाना परसरामपुर जनपद बस्ती के पान के दुकान की गुमटी में से 4 डिब्बा रंजनी गन्धा, सिगरेट का पैकेट व जग में भरा हुआ 5 व 10 का सिक्का करीब रुपये 4,200/- चोरी हो गया है, जिस पर थाना छावनी पर मु0अ0सं0-76/2025 धारा-303(2) BNS पंजीकृत कर जांच एवं अन्य आवश्यक वैधानिक/ विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में संबंधित **अभियुक्त 1-** मुकुल पांडेय पुत्र संजय पांडेय को दिनांक-20.03.2025 को हनुमानगंज से अमौलीपुर जाने वाले रास्ते पर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर दोनों दुकानों से चोरी गए नगदी रुपये व सामानों को शत्-प्रतिशत बरामद कर अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय बस्ती रवाना किया गया |

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1- थानाध्यक्ष छावनी भानु प्रताप सिंह जनपद बस्ती |

2- प्रभारी चौकी विक्रमजोत उ0नि0 रितेश कुमार सिंह थाना छावनी जनपद बस्ती |

3- हे0का0 जीतेन्द्र मौर्या, का0 राजू गुप्ता, का0 अखिलेश सिंह, का0 अभिमन्यु शर्मा, का0 मुकेश यादव थाना छावनी जनपद बस्ती |


Rajnigandha
FLAVOURED PAN MASALA